सांवरे क़िस्मत का मारा आपके चरणों में है

सांवरे क़िस्मत का मारा,
आपके चरणों में है,
ये दीन दुखिया बेसहारा,
आपके चरणों में है,
साँवरे क़िस्मत का मारा,
आपके चरणों में है।bd।

तर्ज – लाडली अद्भुत नजारा।

ना मैं चाहूं महल अटारी,
ना स्वर्ग का राज ही,
स्वर्ग सा सुंदर नजारा,
आपके चरणों में है,
साँवरे क़िस्मत का मारा,
आपके चरणों में है।bd।

हारे का जग में सहारा,
सदा सुना तू श्याम है,
आज ये बालक तुम्हारा,
आपके चरणों में है,
साँवरे क़िस्मत का मारा,
आपके चरणों में है।bd।

कभी सुना ना दर पे तेरे,
देर और अंधेर है,
फिर ये क्यूं जहान सारा,
आपके चरणों में है,
साँवरे क़िस्मत का मारा,
आपके चरणों में है।bd।

जिंदगी दो दिन की बाकी,
क्यूं “जालान” शिकवा करे,
ये बैठकर मैंने विचारा,
आपके चरणों में है,
साँवरे क़िस्मत का मारा,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इंटरनेट के भी आपके मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

आपके चरणों में है।lbd।

सांवरे क़िस्मत का मारा,
आपके चरणों में है,
ये दीन दुखिया बेसहारा,
आपके चरणों में है,
साँवरे क़िस्मत का मारा,
आपके चरणों में है।lbd।

– भजन रचयिता –
पवन जालान जी।
94160-59499 भिवानी (हरियाणा)

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com